K25P 3483

Reg. No. : ...............................

Name : ...................................

# I Semester M.A. Degree (C.B.C.S.S. – OBE – Reg./Supple./Imp.) Examination, October 2025
## (2023 Admission Onwards)
## HINDI
## MA HIN01C05 : Hindi Natak Evam Ekanki

Time : 3 Hours — Max. Marks : 80

A. **निर्देश** – किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(4×5=20)**

1) नाटक के प्रमुख तत्वों पर प्रकाश डालिए ।

2) पृथ्वी थियेटर पर टिप्पणी लिखिए ।

3) सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।

A) राजनीति के सिद्धांतों में राष्ट्र की रक्षा सब उपायों से करने का आदेश है । उसके लिए राज्य, रानी, कुमार और अमात्य सब का विसर्जन किया जा सकता हैं । किन्तु राज विसर्जन अंतिम उपाय है ।

**या**

B) वह भी न मिली और मैं बली-पशु की तरह अकरुण आज्ञा की डोरी में बंधी हुई शकदुर्ग में भेज दी गई । तब भी तुम मुझे भाभी कहना चाहती हो ?

4) सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।

A) और किसी दिन सहसा पेश आनेवाली दुर्घटना के भय से कोई अपने रोज के सुख आराम को तो नहीं छोड देगा ?

**या**

B) कविता वगैरह छोड़ो, यह कोई काम की चीज़ नहीं है ।

P.T.O.

5) सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।

A) तो नहीं जाता मैं । अपने अकेले के लिए जाना है मुझे । अब तक तकदीर ने साथ नहीं दिया तो इसका मतलब यह तो नहीं कि..

**या**

B) कौन-सी जरूरत ? अपने अंदर के किसी उसको ... एक अधूरापन कह लीजिए उसे, उसको भर सकने की । इस तरह उसे अपने लिए अपने में पूरा होना होता है ।

6) A) नाटककार मुद्राराक्षस का परिचय दीजिए ।

**या**

B) एकल नाटक के इतिहास में नादिरा ज़हीर बब्बर का स्थान क्या है ?

B. **निर्देश** – किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(3×8=24)**

7) 'गदर खत्म हो गया' एकांकी की समीक्षा कीजिए ।

8) नाटक में कार्य व्यापार से क्या तात्पर्य है ?

9) 'बकरी' नाटक में अभिव्यक्त प्रमुख समस्याओं पर प्रकाश डालिए ।

10) सावित्री का चरित्र चित्रण कीजिए ।

11) 'अंधेर नगरी' में चित्रित समस्याओं का परिचय दीजिए ।

C. **निर्देश** – किन्हीं **तीन** प्रश्नों पर निबंध लिखिए । **(3×12=36)**

12) 'आधे अधूरे' आधुनिक जीवन शैली की विसंगतियों का दस्तावेज़ है । समीक्षा कीजिए ।

13) हिन्दी नाटक के उद्भव एवं विकास का विस्तृत परिचय दीजिए ।

14) 'ध्रुवस्वामिनी' स्त्री समस्याओं का जीता जागता चित्रण हैं । विश्लेषण कीजिए ।

15) 'तौलिए' एकांकी की आलोचना कीजिए ।

16) 'नेपथ्याराग' हिन्दी नाटक की विकास यात्रा में मील का पत्थर हैं । अपना मत प्रस्तुत कीजिए ।